नगर आयुक्त ने सेनेटाइजेशन कार्य का किया निरीक्षण

(ऑडिशन टाइम्स)

शाहजहाँपुर कोविड-19 के बढ़ते संकरमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है,जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियो में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है इसी क्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमा शर्मा के निर्देश पर नगर में विशेष सेनेटाइजेशन अभियान संचालित किया गया। जिसके दृष्टिगत जोन-1 के अन्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार द्वारा रेलवे स्टेशन, रोडवेज, आवास विकास कॉलोनी, कचहरी, सदर बाजार, कलेक्ट्रेट, रामनगर कॉलोनी लोधीपुर, ऑफीसर्स कॉलोनी एवं चिनौर में व्यापक स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया । जोन- 2 के अन्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा कटिया टोला, बहादुसगंज, ताजूखेल, बाडूजई प्रथम, जिला जेल,बीबीजई हद्दफ खाद्य निरीक्षक राजमंगल द्वारा बाबूजई, खलीलगर्वी, खलीलशर्की, अलीजई मे सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन-04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा भारद्वाजी,मतानी, महमंद गडी, गुदड़ी बाजार एवं छः कुंआ से केरुगंज तक सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन-5 के अन्तगत सफाई एवं खादय निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा अहमदपुर रेती, दलेलगजं, बजीरगज, सराय काईयां, दीवान जोगराज, फत्तेपुर रेती में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया । इस अभियान के दौरान 05 मुख्य बाजारो जैसे- बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अड्डा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले मेंक्षेत्रों सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया। कोरोना कोविड-19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर के स्टेशन में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया गया 7 निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा अपनी उपस्थिति में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया । इसी कम में नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर क्षेत्र के मो0 खलीलशर्की, खलीलगर्वी, बाबूजई,अलीजई एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन के कार्य को अपनी देख-रेख घनी बस्तियों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। इसी कम में सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता द्वारा नगर के तारीन गाड़ीपुरा एवं अहमदपुर रेती में हो रहे सेनेटाइजेशन के कार्य का जायजा लिया गया व अपनी उपस्थिति में सेनेटाइजेशन के कार्य को कराया गया। इसके साथ ही नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा महानगर वासियो से अपील की गई कि कोरोना कोविड-19 के संकरमण से बचाव हेतु कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करें व एक दूसरे से 02 गज की दूरी बनाये रखे एवं फेस मास्क का उपयोग अवश्य करे ।इस मौके पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा ओ पी गौतम एवं क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक उपस्थित रहें।